# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 1619 / M-48 / 67 दिनांक 25-05-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः-दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 25.05.2026 को प्रकाशित खबर "लखैया गांव में महीनों से जल जीवन मिशन की टंकी:पानी की आपूर्ति बाधित, ग्रामीण परेशान, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 25.05.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड-बांकेगंज "लखैया गांव में महीनों से जल जीवन मिशन की टंकी:पानी की आपूर्ति बाधित, ग्रामीण परेशान, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप-942 नग, पम्प हाउस -942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय-922 नग, गृह जल संयोजन-564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप-939 नग, पम्पहाउस-869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय-484 नग, गृह जल संयोजन-535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1097 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड-बांकेगंज की ग्राम पंचायत बाबरपुर लखैया पाइप पेयजल योजना में पेयजल आपूर्ति बाधित की खबर प्रकाशित हुई। बाबरपुर लखैया पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स वी0टी0एल-गाजा लि0 नोएडा द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि बाबरपुर योजना निर्माणाधीन है, योजना में सोलर के माध्यम से डायरेक्ट जलापूर्ति की जा रही है लखैया ग्राम में लो वाटर प्रेशर के कारण जलापूर्ति बाधित है। समस्या के निराकरण हेतु

सम्बन्धित फर्म को 02 माह में टैंक का निर्माण कार्य पूर्ण कर टैंक के माध्यम से जलापूर्ति चालू कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। वर्तमान में योजना के अन्य हिस्सों में जलापूर्ति चालू है।

सादर सूचनार्थ।

(फोटोग्राफ्स)






भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता